संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ): (क) 30.6.1998 की स्थिति के अनुसार, एमटीएनएल, दिल्ली में कुल मिलाकर 8984 पीसीओ/एसटीडी/आईएसडी बूथ काम कर रहे हैं। कुछ ऐसे एसटीडी/आईएसडी बूथों को छोड़कर जिन्हें अदायगी न करने अथवा दुरुपयोग किए जाने के कारण काट दिया गया है, बाकी सभी बूथ काम कर रहे हैं।

(ख) जी नहीं। पीसीओ आपरेटरों का कोई ऐसा मामला ध्यान में नहीं आया है जिसमें उपभोक्ताओं को करोड़ों रुपये का घाटा पहुंचाया गया हो। तथापि पीसीओ बूथ आपरेटरों द्वारा अधिक वसूली किए जाने संबंधी कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ग) पीसीओ बूथ आपरेटरों द्वारा अधिक वसूली किए जाने संबंधी शिकायतें मिलने पर फील्ड स्टाफ/सतर्कता टीम द्वारा इसकी जांच की जाती है, यदि बूथ आपरेटर को विभाग द्वारा निर्धारित दरों से अधिक वसूली करते पाया जाता है तो विभागीय नियमों के तहत यथा प्रस्तावित कार्यवाही की जाती है।

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के मई बाजार में एस०टी०डी० सुविधा

2949. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे**: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के मई बाजार स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में एस०टी०डी० सुविधा उपलब्ध कराई गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके कोड सहित क्षमता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस एक्सचेंज को कब तक एस०टी०डी० सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ): (क) मई बाजार, जो पहले भदौही जिले में था अब जौनपुर जिले के अंतर्गत आता है जहां कोई टेलीफोन एक्सचेंज नहीं है। यह रामपुर टेलीफोन एक्सचेंज के स्थानीय क्षेत्र के अन्दर आता है। इस समय रामपुर टेलीफोन एक्सचेंज में एस टी डी सुविधा उपलब्ध नहीं है।

(ख) उक्त भाग (क) को देखते हुए लागू नहीं होता।

(ग) रामपुर और भदोही के बीच विश्वसनीय संचारण माध्यम उपलब्ध न होने की वजह से रामपुर एक्सचेंज के जरिए मई बाजार में एस टी डी सुविधा प्रदान नहीं की जा सकी। वर्ष 1998-99 के दौरान इसके प्रदान किए जाने की संभावना है बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों। इसके शीघ्र बाद ही रामपुर टेलीफोन एक्सचेंज के माध्यम से मई बाजार में एस टी डी सुविधा प्रदान करनी संभव होगी।

Telephone connections in Delhi

2950. SHRIMATI MALTI SHARMA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that applicants who applied in April, 1997 are still waiting for telephone connections in Delhi;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether it is also a fact that telephone instruments were installed to more than 70 consumers who applied in 1997, in Sector-II, Rohini, New Delhi by the end of March, 1998;

(d) if so, why the telephone numbers have not been given to them even after a lapse of 40 days;

(e) whether indifferent attitude of Senior Officers are responsible for the delay; and

(f) by when, the MTNL is planning to give telephone connections to these consumers?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI KABINDRA PURKAYASTHA): (a) and (b) Yes, Sir, During April 1997, 11282 applicants applied for new telephone connections; out of which 10706 applicants have been provided telephone connections.

Remaining 576 applicants could not be provided telephone connections in some pockets/areas; being technically not feasible (TNF) due to non-availability of underground cable pairs. These applicants are likely to be provided